कारोबार आचार संहिता और नैतिकता

अक्टूबर 2016

Research

धन्यवाद,

INC रिसर्च के प्रति आपके निरन्तर समर्पण तथा इस संहिता में निर्धारित किए गए मानकों को बनाए रखने के लिए आपकी वचनबद्धता के लिए।

विषय वस्तु

CEO, एलिस्टेयर मैकडोनाल्ड का पत्र **4**
हमारा मिशन, दूरदृष्टि और मुख्य मूल्य **5**
हमारा उद्देश्य **7**
परिचय **9**
इस संहिता के अंतर्गत हमारी अपेक्षाएँ **11**
व्यक्तिगत उत्तरदायित्व 12
प्रबंधकों के रूप में अतिरिक्त उत्तरदायित्व 12
कदम उठाने से पहले, अपने आप से पूछें **13**
मार्ग दर्शन प्रदान करना तथा चिंताओं की रिपार्टिंग करना **15**
कोई बदले की भावना नहीं **17**
हमारी कम्पनी का सम्मान और सत्यनिष्ठा **19**
कार्य स्थल पर सम्मान को बढ़ावा देना 20
पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा; नशीली दवाओं का दुरूपयोग 21
रिश्वत रोधी तथा भ्रष्टाचार रोधी 22
हितों का संघर्ष 23
उपहार और कारोबारी मनोरंजन 25
गोपनीय जानकारी 26
कार्पोरेट अवसर 27
कम्पनी की सम्पत्ति या सेवाओं का प्रयोग 28
सामाजिक मीडिया 29
राजनैतिक गतिविधियां और धर्मार्थ अंशदान 30
हमारे स्टॉकधारकों तथा जनता का आदर और सत्यनिष्ठा **31**
सटीक बही खाते और रिकार्ड 32
रिकार्ड प्रबन्धन 33
प्रतिभूति नियम एवं अंतरंगी व्यापार 34
सार्वजनिक प्रकटन 35
अपने कार्पोरेट सम्प्रेषणों के साथ समन्वय करना 36
आंकड़ों की निजता 37
Copyrights and Computer Software 38
हमारे ग्राहकों तथा कारोबारी साझेदारों के लिए सम्मान और सत्यनिष्ठा **39**
विश्वास रोधी तथा उचित प्रतिस्पर्धा 40
प्रतिस्पर्धा आसूचना 41
स्वास्थ्य देखभाल कानून और विनियम 42
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून 43
तृतीय पक्षकार की सूचना का संरक्षण 44
इस संहिता तथा संशोधनों का अधित्याग **45**

प्रिय सहकर्मियों:

शैक्षणिक अनुसंधान संगठन के रूप में दो दशक पूर्व स्थापित INC रिसर्च विकास पथ पर आगे बढ़ते हुए एक अग्रणी, वैश्विक, पूर्ण-सेवा CRO बन चुकी है जिसके द्वारा दुनिया के औषधीय, जैवप्रौद्योगिकी तथा चिकित्सा उपकरण उद्योग के लिए चरण I से चरण IV तक की पूरी रेंज की नैदानिक विकास सेवाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। एक कम्पनी के रूप में विकास तथा प्रगति करता जारी रखते हुए भी, दुनिया के स्वास्थ्य में सुधार करने तथा अपने कारोबार को उच्चतम नैतिक सिद्धान्तों और मानकों के अनुसार संचालित करने के प्रति हमारी वचनबद्धता स्थिर बनी हुई है। हमारी कम्पनी की निरंतर सफलता के लिए इन सिद्धान्तों और मानकों को बनाए रखने की हमारी वर्तमान वचनबद्धता आवश्यक है।

कानून और नैतिक सिद्धांत और मानक जिनमें हमारी कारोबारी आचार संहिता और नैतिकता ("संहिता") शामिल है, हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करते हैं। इस संहिता में व्यापक विषयों को शामिल किया गया है और यह हर पूर्वानुमान योग्य स्थिति को शामिल करने के लिए आशयित नहीं है। इस संहिता में उल्लिखित कुछ विषयों को विशिष्ट कम्पनी नीतियों या कारोबारी पद्धतियों द्वारा कवर किया गया है, जो लगातार जारी रहेंगे।

हमारी संहिता बेहतर अधिनिर्णय का प्रतिस्थापन नहीं है। इसके बजाए, इसका आशय आपकी भूमिका को प्रभावित करने वाले नियमों और विनियमों का कार्यसाधक ज्ञान विकसित करने में आपकी मदद करना है। कृपया ध्यान दें -

- यह संहिता सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों पर वैश्विक रूप से लागू होती है, जिसमें यह स्पष्ट प्रत्याशा की जाती है कि इन सिद्धान्तों और मानकों का पालन कारोबारी दबाव से संबंध न रखते हुए सभी कार्य-संबंधी गतिविधियों में किया जाता है।
- प्रबंधकों की यह अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी कि वे उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करें और यह सुनिश्चित करें कि इस संहिता का अनुसरण उनकी टीमों द्वारा किया जाता है।
- यदि आपके प्रश्न या चिंताएं हैं, तो आप बेझिझक अपने प्रबंधक के साथ खुली और प्रत्यक्ष बातचीत या अपने HR प्रतिनिधि याविधिक विभागसे बात कर सकते हैं।
- यदि आपको कभी भी ऐसा लगता है कि आप अपने टीम सदस्यों के समक्ष अपनी चिंताओं को अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं, तो आप कारोबारी नैतिकता हॉटलाइन पर संपर्क कर सकते हैं अथवा कारोबार नैतिकता वेब फॉर्म का प्रयोग करके जानकारी दे सकते हैं। इन दोनों के बारे में जानकारी https://secure.ethicspoint.com/domain/media/en/gui/42406/index.htmlपर स्थित है। जब आप सद्भाव से रिपोर्ट करते हैं, तो कम्पनी आपको बदले की भावना से सुरक्षा प्रदान करेगी।

हमारी संहिता को सावधानी से पढ़िए तथा यदि आवश्यकता पड़ती है तो इसे पहुंच योग्य स्थान पर रखें। INC रिसर्च में, हम सभी अपनी कम्पनी की प्रतिष्ठा, जो कि हमारी सबसे मूल्यवान सम्पत्ति है, को बनाए रखने और उसके संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हम संहिता के सिद्धान्तों और मानकों को अपनाना तथा उनको कार्यान्वित करना जारी रखते हैं, तो हम उस प्रतिष्ठा को और अधिक मजबूत और सशक्त ही बनाएंगे।

INC रिसर्च को दुनिया की अग्रणी सीआरओ बनाने तथा कार्य के लिए शानदार स्थान बनाने के लिए धन्यवाद!

भवदीय,

Alistair Macdonald
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

हमारा मिशन, दूरदृष्टि और मुख्य मूल्य

हमारा मिशन, दूरदृष्टि और मुख्य मूल्य

INC रिसर्च समर्पित, अत्यधिक प्रेरित लोगों का एक वैश्विक संगठन है जो सभी पर लागू मिशन को लेकर एकजुट हैं ताकि विश्व के स्वास्थ्य में सुधार के लिए बाजार में नई दवाओं की उपलब्धता में तेजी लाई जाए।

हमारा मिशन, दूरदृष्टि और मुख्य मूल्य वे आधार हैं जो हमारी संस्कृति, हमारे ब्रांड और हमारी कारोबारी रणनीतियों को आकार प्रदान करते हैं। हमारे मिशन और दूरदृष्टि का समर्थन करने और उसे हासिल करने की दिशा में प्रत्येक कर्मचारी महत्वपूर्ण है तथा हमारे मुख्य मूल्यों के कार्यान्वयन की आपकी योग्यता हमारी निरन्तर सफलता को उत्प्रेरित करेगी।

मिशन

यह उपचारात्मक उद्देश्य से केन्द्रित उच्च निष्पादनकारी दलों का संगठन है, जिसका नेतृत्व विश्व स्तरीय प्रबंधकों तथा लीडरों द्वारा किया जाता है और हम पूरे विश्व में लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए बाजार में उत्पादों को प्रस्तुत करके हमारे ग्राहकों की सहायता के प्रति समर्पित हैं।

दूरदृष्टि

हम अपने ग्राहकों को भिन्न समाधानों को प्रदान करने के प्रति समर्पित चिकित्सालीय विकास सेवाओं के अग्रणी आविष्कारक बनने की महत्वकांक्षा रखते हैं।

केन्द्रीय मूल्य

- **जन**
  - सभी लोगों के साथ आदर और सम्मान के साथ व्यवहार करना
  - प्रत्येक कर्मचारी के योगदान के महत्व को मान्यता देना
- **गुणवत्ता और उत्कृष्टता**
  - "हर काम संभव है" रवैय्या अपनाया जाता है
  - अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना
- **लीडरशिप**
  - सकारात्मक टीम और सहयोगात्मक भावना का सृजन
  - उत्साही और प्रतिबद्ध होना
- **विश्वास**
  - खुले और ईमानदार रिश्तों का सृजन
  - नैतिकता के प्रति वचनबद्ध और सत्यनिष्ठ
- **नेतृत्वशील**
  - कम्पनी के संसाधनों के बेहतर रखवाले
  - विश्व स्वास्थ्य में सुधार के प्रयासों के धारक
- **नवोन्मेष**
  - परिवर्तन को अपनाना और उत्प्रेरित करना
  - साहसी, सृजनशील और खुले दिल दिमाग वाले

हमारी कम्पनी की नींव में हमारी नैतिकतापूर्ण संस्कृति में निहित है। हम निर्णय करते समय इस बात को ध्यान में रखते हैं कि पूरी कम्पनी के लिए क्या हितकर होगा। ग्राहक और कारोबारी वादों की कसौटी पर खरा उतरने के लिए हर कोई हमारी कारोबारी आचार संहिता तथा नैतिकता के अनुपालन के अनुरूप कार्य करने के लिए उत्तरदायी है।

हमारा उद्देश्य

हमारा उद्देश्य

हम अग्रणी, वैश्विक पूर्ण-सेवा नैदानिक अनुसंधान संगठन (CRO) हैं, तथा विश्व के औषधीय, जैव तकनीकी तथा चिकित्सा उपकरण उद्योग को चरण I से चरण IV तक की पूर्ण चिकित्सालीय विकास सेवाएं प्रदान करते हैं। Trusted Process® प्रदायगी कार्य विधि के साथ उपचारात्मक उद्देश्य से केन्द्रित CRO के रूप में लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार दवाओं का विकास हम व्यक्तिगत कार्य के रूप में स्वीकार करते हैं। हमारी सेवा पेशकश की व्यापकता तथा बहुविध रोगी जनसंख्या में हमारे उपचारात्मक विशेषज्ञता की गहनता के परिणामस्वरूप, हम ग्राहकों के साथ संबंध स्थापित करते हैं, स्थलों और रोगियों की छानबीन करते हैं और विश्व स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए बाजार में नई दवाओं की तत्काल उपलब्ध कराते हैं।

परिचय

परिचय

यह कारोबारी आचार संहिता और नैतिकता ("संहिता") कम्पनी के निदेशक मंडल ("निदेशक मंडल") द्वारा प्रख्यापित की गई है तथा यह INC रिसर्च होल्डिंग्स, आईएनसी तथा इसकी प्रत्येक सहायक कम्पनी तथा सम्बद्धों (सामूहिक रूप से, "कम्पनी") के पूरे विश्व में सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, निदेशकों, संविदा श्रमिकों तथा अस्थाई कर्मचारियों पर लागू होती है, फिर चाहे वे कहीं भी क्यों न स्थित हों। इसमें ईमानदारी तथा नैतिकता पूर्ण आचरण को न्यायसंगत रूप से बढ़ावा देने के लिए मानक शामिल हैं जिनमें कार्मिक और पेशेवर रिश्तों के वास्तविक और स्पष्ट हितों के संघर्षों के संबंध में नैतिकतापूर्ण कार्य करना; कम्पनी द्वारा जिन रिपोर्टों और दस्तावेजों को यू.एस. सिक्यूरिटीज़ एण्ड एक्सचेंज कमीशन ("एसईसी") तथा अन्य सार्वजनिक संप्रेषणों में फाइल या प्रस्तुत करना है, उनमें पूरा, न्यायसंगत, सटीक, समयबद्ध तथा समझने योग्य प्रकटन; न्यायसंगत कार्य व्यवहार अभ्यासों को बढ़ावा देना; गलत काम करने को रोकना; संहिता के अनुपालन के लिए तथा लागू सरकारी कानूनों, नियमों और विनियमनों के अनुपालन के लिए जवाबदेही को सुनिश्चित करना. कम्पनी द्वारा प्रधान कार्यकारी अधिकारी तथा वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों के लिए एक पृथक आचार संहिता को अपनाया गया है, जोwww.incresearch.com.पर उपलब्ध है।

पूरी दुनिया में कार्यालयों सहित एक वैश्विक उपक्रम होने के नाते, हम उन सभी देशों में जहां पर हम कारोबार करते हैं, हमारे कारोबार को सभी देशों के कानूनों तथा विनियमों का अनुपालन करते हुए संचालित किया जाना चाहिए। INC रिसर्च होल्डिंग, आईएनसी, एक अमरीकी कम्पनी है, इसलिए आपको कुछ अमरीकी कानूनों का भी पालन करना होगा जो अमरीका के बाहर कार्यरत कर्मचारियों की गतिविधियों पर लागू होते हैं। नौकरी से संबंधित कर्तव्यों या पदनाम जो भी हों, हर किसी को जहां कहीं भी कम्पनी द्वारा कारोबार संचालित किया जाता है, वहां कम्पनी पर लागू समस्त लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करना चाहिए। इसमें लागू कर कानून, लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग मानक, डेटा संरक्षण कानून तथा दिशा निर्देश, तथा सेक्टर, क्षेत्रीय तथा स्थानीय कारोबारी अपेक्षाएं शामिल हैं। इसके अलावा, प्रत्येक व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भूमिका तथा विशिष्ट देशों मेंउनपर लागू विधि, नियमों और विनियमों से परिचित होंगे और उनका पालन करेंगे। हालांकि किसी से भी यह आशा नहीं की जाती है कि उसे लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का ब्यौरा मालूम होना चाहिए, बहरहाल, उन्हें यह जानना महत्वपूर्ण है कि उचित कार्मिक से कब सलाह ली जानी चाहिए।

इस संहिता के अंतर्गत हमारी अपेक्षाएँ

इस संहिता के अंतर्गत हमारी अपेक्षाएँ

व्यक्तिगत उत्तरदायित्व

आपसे निम्नलिखित अपेक्षा की जाती है -

- ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से काम करना, व्यक्तिगत और पेशेवर रिश्तों में वास्तविक या आभासी हितों के संघर्षों से बचना। आपको यह स्वीकार करना चाहिए कि हित के संघर्ष के आभास से भी कम्पनी को क्षति हो सकती है। हित का संघर्ष तब मौजूद हो सकता है जब आपके या आपके परिवार के सदस्य के रिश्ते कम्पनी के सर्वश्रेष्ठ हित से मेल न करते हों या इनसे आपके कार्य संबंधी उत्तरदायित्वों को निष्पादित करने की आपकी योग्यता के संबंध में संघर्ष पैदा हो सकते हैं।
- किसी भी ऐसे लेनदेन की सूचना तत्काल दें जिसके संबंध में न्यायसंगत रूप से यह आशा की जा सकती है कि उससे हित का संघर्ष पैदा हो सकता है अथवा इस संहिता का संभावित रूप से उल्लंघन हो सकता है।
- कार्पोरेट नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और उनका अनुपालन करें।
- कम्पनी की उन नीतियों और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका अनुपालन करें जो आपकी संबंधित ड्यूटियों पर लागू होती हैं।
- कम्पनी द्वारा जिन रिपोर्टों और दस्तावेजों को फाइल करती है या सरकारी एजेन्सियों तथा अन्य पब्लिक को प्रस्तुत करती है, उनमें पूर्ण, न्यायसंगत, सटीक, समयबद्ध और समझने योग्य प्रकटन करें अथवा ऐसा करने के लिए कदम उठाएं।
- लागू सरकारी कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करें।
- वित्तीय रिपोर्टिंग में शामिल कम्पनी के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा नैतिक व्यवहार किए जाने को सक्रियता से बढ़ावा दें।

प्रबंधकों के रूप में अतिरिक्त उत्तरदायित्व

इसके अलावा, प्रबंधकों से निम्नलिखित आशाएं की जाती हैं -

- दूसरों द्वारा नैतिक आचरण और अनुपालन किया जाने को प्रेरित करने के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करना।
- सीधे आपके रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों को इस संहिता के महत्व को सम्प्रेषित करें तथा सुनिश्चित करें कि वे इसके अंतर्गत अपने उत्तरदायित्वों को समझते हैं।
- एक ऐसा परिवेश तैयार करें जहां पर प्रश्नों और विचारों का स्वागत किया जाता है।
- संभावित दुराचारों की तत्काल जानकारी दें।
- कम्पनी की बदले की कार्यवाही न करने से संबंधित वचनबद्धता की पुष्टि करें और यदि आप बदले की कार्यवाही के साक्षी हैं अथवा आपको ऐसा किए जाने का संदेह है, तो तत्काल इसकी रिपोर्ट करें।

इस संहिता के नियमों का पालन न करने से अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, और गंभीर मामलों में आपके नियोजन को समाप्त किया जा सकता है।

कदम उठाने से पहले,
अपने आप से पूछें

कदम उठाने से पहले, अपने आप से पूछें

जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि इस संहिता द्वारा ऐसी प्रत्येक परिस्थिति या स्थिति से निपटने का समाधान नहीं दिया जा सकता जिसका आपको सामना करना पड़ सकता है। यदि आपको कभी भी इस संबंध में अनिश्चितता महसूस होती है कि क्या कोई कार्रवाई या निर्णय हमारे मानकों के अंतर्गत नैतिकता पूर्ण और स्वीकार्य है, तो अपने आप से पूछें -

- क्या आपको यह सही कार्य लगता है?
- क्या मेरे कार्य ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को दर्शाते हैं?
- क्या मेरा निर्णय कानून और कम्पनी की नीतियों के अनुसार है?
- क्या मुझे अपने सहकर्मियों, परिवार, मित्रों या आम जनता को अपने काम के बारे में बात करने में सहज महसूस होता है?

यदि आप इनमें से किसी प्रश्न का उत्तर **"नहीं"** में देते हैं, तो अपनी योजित कार्रवाई पर पुनर्विचार करें तथा तत्काल मार्ग दर्शन प्राप्त करें।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कारोबार करते समय आपको ऐसी स्थितियों का भी सामना करना पड़ सकता है जिसमें नैतिकता संबंधी दुविधाएँ हों। **यदि दूसरे देश के कानून, रीति रिवाज़ या अभ्यास अमरीकी कानूनों या आपके स्थानीय कानून, कम्पनी की नीतियों या इस संहिता के विरोधाभासी हैं, तो विधि विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करें।**

मार्ग दर्शन प्रदान करना तथा चिंताओं की रिपार्टिंग करना

मार्ग दर्शन प्रदान करना तथा चिंताओं की रिपार्टिंग करना

यदि आपको इस बात की जानकारी है या संदेह है कि कम्पनी के किसी कर्मचारी या प्रतिनिधि किसी ऐसे आचरण में संलिप्त है या संलिप्त हो रहा है जिससे लागू कानून या इस संहिता का उल्लंघन होता है, तो आपका कर्तव्य है कि इस मामले की रिपोर्ट करें और मार्गदर्शन प्राप्त करें। आपको सबसे पहले अपने सुपरवाइज़र या लाइन प्रबंधक से बात करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, यदि ऐसा करना आपके लिए सुविधाजनक हो। आप मानव संसाधन विभाग या विधि विभाग को भी रिपोर्ट दे सकते हैं। कोई भी दुराचार जिससे संभावित रूप से कम्पनी प्रभावित हो सकती है, उसकी तत्काल जानकारी दी जानी चाहिए, जिसमें संविदाकारों, परामर्शदाताओं या अस्थाई कामगारों द्वारा किए गए दुराचार भी शामिल हैं। किसी भीसुपरवाइज़र/प्रबंधकजो उल्लंघन की रिपोर्ट प्राप्त करते हैं, उन्हें तत्काल मानव संसाधन विभाग या विधि विभाग को सूचित करना चाहिए।

जो लोग फोन से रिपोर्ट करना चाहते हैं, वे **कम्पनी के कारोबार नैतिकता हॉटलाइन का प्रयोग कर सकते हैं।** स्थानीय देश के हॉटलाइन फ़ोन नम्बरों की जानकारी https://secure.ethicspoint.com/domain/media/en/gui/42406/index.htmlपर प्राप्त की जा सकती है। ड्राप डाउन मेन्यू में "टू मेक ए रिपोर्ट" शीर्षक के अंतर्गत उस देश जहां से कॉल/रिपोर्ट की जाएगी को चुनने पर स्थानीय फोन नम्बर दिखाई देने लगेगा। वैकल्पिक रूप से, **कम्पनी की कारोबार नैतिकता वेब फार्म** के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्ट की जा सकती है और यह फार्म https://secure.ethicspoint.com/domain/media/en/gui/42406/index.html पर उपलब्ध है। ड्राप डाउन मेन्यू में "टू मेक ए रिपोर्ट" शीर्षक के अंतर्गत उस देश जहां से कॉल/रिपोर्ट की जाएगी को चुने, उसके बाद उस देश को चुने जहां उल्लंघन हुआ है तथा इसके बाद ऑनलाइन रिपोर्ट फाइल करने के लिए "जारी रखें" चुनें। रिपोर्ट की गई जानकारी को विधि विभाग या ऑडिट समिति, जो उचित हो, को भेजा जाएगा।

यदि आपको किसी महत्वपूर्ण वित्त या लेखांकन विषय को लेकर चिंता है, तो आपको सीईओ, जनरल कांउसल, या निदेशक मंडल की ऑडिट समिति के अध्यक्ष से संपर्क करना चाहिए।

सभी चिंताओं, प्रश्नों तथा शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की जाती है और उनकी तत्काल, गहन और न्यायसंगत छानबीन की जाती है। विधि विभाग या ऑडिट समिति, जो लागू हो, किसी भी रिपोर्ट किए गए मुद्दे के प्रलेखन, उल्लंघन (यदि कोई है) की प्रकृति के निर्धारण और किसी भी आवश्यक छानबीन को आगे बढ़ाने और प्रलेखन के लिए उत्तरदायी है। कम्पनी लागू कानून द्वारा अपेक्षित अनुसार रिपोर्ट किए गए सभी मामलों के अभिलेख बनाए रखने के उचित प्रयास करेगी। कानून की आवश्यकता को छोड़कर, यदि आप चाहते हैं कि आपका नाम प्रकट न किया जाए, तो हम आपकी पहचान को संरक्षित रखने के हर संभव प्रयास करेंगे। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि रिपोर्ट के साथ आपके नाम को उपलब्ध कराने से किसी भी छानबीन में सहायता मिलेगी।

अपने निगमित उत्तरदायित्वों के भाग के रूप में, कर्मचारी, अधिकारी तथा निदेशकों से यह आशा की जाती है कि वे तथाकथित उल्लंघन के संबंध में, लागू कानून के अधीन किसी भी पूछताछ या छानबीन में पूरी तरह से सहयोग करें। ऐसा करने में असफल रहने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, और गंभीर मामलों में नियोजन की समाप्ति शामिल हो सकती हैं।

कोई भी चीज आपको रिपोर्ट करने या सच्ची जानकारी प्रदान करने और/या किसी कानून या विनियम के संभावित उल्लंघन के संबंध में किसी शासकीय एजेंसी को साक्ष्य देने या लागू सचेतक प्रावधानों के तहत संरक्षित अन्य प्रकटीकरण को करने से नहीं रोक सकती।

यदि इस संहिता का उल्लंघन होता है, तो विधि विभाग और / या ऑडिट समिति, जो उचित हो, द्वारा किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक, जिसने इस संहिता का उल्लंघन किया है, के विरूद्ध अनुशासनात्मक उपायों को तय किया जाएगा।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- सचेतक नीति, LEG-POL-001

कोई बदले की भावना नहीं

कोई बदले की भावना नहीं

सदाशयतापूर्वक संदिग्ध उल्लंघन को सूचित करने वाले किसी भी व्यक्ति को उत्पीड़न, बदले की कार्रवाई या प्रतिकूल नियोजन परिणामों जैसे नौकरी से हटाना, पदानवति, निलम्बन, या नियोजन के नियमों और शर्तों के संबंध में भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। "सदाशयता पूर्वक" रिपोर्टिंग का अर्थ है कि रिपोर्टर को यह उचित विश्वास है कि प्रदान की जा रही जानकारी कम्पनी के भीतर दुराचार, कारोबारी व्यवहार के साथ अवहेलना को दिखाती है जिससे कम्पनी की देयता को गंभीर क्षति पहुंच सकती है अथवा उससे कम्पनी की देयता पैदा हो सकती है, या संहिता का उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन हो सकता है, जिसमें कोई लागू कानून या विनियम शामिल है, लेकिन यह प्रतिभूति नियमों और विनियमों, लेखा मानकों, लेखा नियंत्रणों तथा ऑडिट प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं हैं। किसी भी ऐसे व्यक्ति जो कि सदाशयता से रिपोर्ट देने वाले किसी व्यक्ति के विरूद्ध बदले की कार्रवाई करता है, उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नियोजन की समाप्ति शामिल है।

हमारी कम्पनी का सम्मान और सत्यनिष्ठा

आपको दूसरे या प्रतिस्पर्धी हितों की तुलना में कम्पनी के हितों को वरीयता देनी चाहिए। निर्णय करते समय आपको इस बात पर अवश्य विचार करना चाहिए कि पूरी कम्पनी के लिए क्या सर्वश्रेष्ठ है।

हमारी कम्पनी का सम्मान और सत्यनिष्ठा

कार्य स्थल पर सम्मान को बढ़ावा देना

कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को एक दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। कम्पनी विचारों, संस्कृति और पृष्ठभूमि की विविधता में विश्वास करती है।

हम किसी भी प्रकार के उत्पीड़न अथवा हिंसा को सहन नहीं करेंगे। हम जिन देशों में अपने व्यवसाय का परिचालन करते हैं, वहां के नियोजन कानूनों का सम्मान करते हैं और हम कर्मचारियों के कानूनी अधिकारों को समझते हैं जिसमें लागू कार्यकारी घंटे और न्यूनतम मानदेय मानक, और स्वतंत्र रूप से संबद्ध रहने तथा सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने का अधिकार, जहां लागू हो, शामिल है। हम समान अवसर नियोक्ता हैं तथा हम वास्तविक या आभासी योग्यता और गुणों के आधार पर नियोजन संबंधी निर्णय लेते हैं। हमारी नीतियों में जाति, रंग, नस्ल, लिंग, धर्म, वैवाहिक स्थिति, आयु, राष्ट्रीय मूल या पूर्वज, आनुवांशिक जानकारी, शारीरिक या मानसिक अक्षमता, या चिकित्सा स्थिति, यौन उन्मुखता के आधार पर अवैध भेदभाव या भर्ती, नियुक्ति, प्रशिक्षण, पदोन्नतियां देने, तथा नियोजन के अन्य नियमों और शर्तों के संबंध में संघीय, देशीय या स्थानीय कानूनों द्वारा अवैध घोषित किए गए किसी भी विचार को प्रतिबंधित किया गया है।

यह कंपनी मानवाधिकारों की रक्षा करने और उन्हें वैश्विक रूप से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है, और बंधुआ एवं बाध्यकारी श्रम तथा मानव तस्करी के उन्मूलन का समर्थन करती है। बाल एवं युवा श्रमिकों के संबंध में हमारी नियोजन नीति अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के बाल श्रम एवं न्यूनतम आयु मानकों के अनुरूप है।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- उत्पीड़न, धमकी तथा भेदभाव नीति, HR-GL-0002
- कार्यस्थल पर हिंसा नीति, HR-GL-0003
- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार नीति, LEG-POL-013

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

हाल ही में, टॉम के प्रबंधक द्वारा किसी अन्य कर्मचारी के बारे में लैंगिकवादी टिप्पणी की जाती है, और वह यह सोचती है कि टॉम ने उसे अनसुना नहीं किया है। यह बात टॉम को बुरी लगी और वह अब भी इसी बात से परेशान है। आमतौर पर, टॉम इस प्रकार की स्थिति में अपने प्रबंधक से बात करता है, लेकिन इस मामले में वह महिला चिंता का कारण है। क्या वह कुछ कर सकता है?

उत्तर -

हां। आमतौर पर, टॉम को इस प्रकार की चिंताओं के समाधान के लिए अपने प्रबंधक से बेझिझक बात करनी चाहिए, लेकिन वह महिला उसकी चिंता का कारण है, जाहिर है कि वह उस महिला से संपर्क करने से झिझक रहा है। इस स्थिति में, टॉम को इस स्थिति के बारे में रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि इसकी समीक्षा की जा सके और उचित सुधार कार्रवाई की जा सके। टॉम मानव संसाधन विभाग से संपर्क कर सकता है अथवा वह इस घटना की जानकारी कारोबार नैतिकता हॉटलाइन या कारोबार नैतिकता वेब फार्म के माध्यम से जानकारी को प्रस्तुत कर सकता है।

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा; नशीली दवाओं का दुरूपयोग

कम्पनी एक ऐसा कार्य परिवेश प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है जिसमें कर्मचारी के स्वास्थ्य और सुरक्षा की संरक्षा के प्रयास किए जाते हैं, क्योंकि स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्य निष्पादन के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। कम्पनी की यह भी नीति है कि यह अपने कारोबार का प्रबन्धन इस प्रकार से करती है जिसमें पर्यावरण का ध्यान रखा जाता है और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जाता है। आपको अपने काम से संबंधित सुरक्षा प्रक्रियाओं को सीखना और उनका अनुपालन करना चाहिए, और आपको समस्त पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों का अनुपालन करना चाहिए।

नशीली दवाओं के प्रयोग से न केवल इनके दुरूपयोग करने वाले को अपितु उन सभी कर्मचारियों जो उनके साथ काम करते हैं, के स्वास्थ्य और सुरक्षा को गंभीर जोखिम हो सकते हैं। आपको कम्पनी की सम्पत्ति में किसी भी अवैध नशीली दवा, कानूनी रूप से नुस्खे पर लिखे गए नियंत्रित तत्वों (जब तक ऐसा नुस्खा आपके लिए न लिखा गया हो और इस्तेमाल के लिए निर्धारित निर्देशों में बताई गई विधि में न किया जा रहा हो), या किसी भी प्रकार की अल्कोहल को धारण नहीं करना चाहिए, सिवाए ऐसे मामलों में जहां पर अल्कोहल को कम्पनी द्वारा स्वीकृत कार्यक्रमों में उपलब्ध कराया जाता है। कम्पनी की सम्पत्ति में अल्कोहल या किसी अवैध या नियंत्रित पदार्थों के सेवन की स्थिति में आपकी उपस्थिति प्रतिबंधित है (सिवाए ऐसी स्थिति में जहां पर आपको नुस्खा लिख कर दिया गया है तथा आप उसका प्रयोग नुस्खे में लिखे गए तरीके के अनुरूप करते हैं)।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- कार्यालय सुरक्षा नीति, CRE-POL-001
- वीडियो निगरानी नीति , FAC-POL-002

रिश्वत रोधी तथा भ्रष्टाचार रोधी

कम्पनी द्वारा पूरे विश्व में कारोबार किया जाता है और इसके द्वारा रिश्वत रोधी तथा भ्रष्टाचार रोधी स्थानीय कानूनों का पालन किया जाना आवश्यक है। कुछ कानून जैसे, यूनाईटेड स्टेट्स फॉरन करप्ट प्रेक्टिसेज़ एक्ट (एफसीपीए) तथा यूके ब्राइबरी एक्ट, कम्पनी के वैश्विक प्रचालनों पर लागू होते हैं। एफसीपीए तथा यूके ब्राइबरी एक्ट, तथा साथ ही अनेक स्थानीय कानूनों के अंतर्गत कम्पनी, इसके कर्मचारियों, तथा कम्पनी की ओर से काम करने वाले तीसरे पक्षों को रिश्वत की पेशकश करने, वादा करने, देने या स्वीकार करने, या सरकारी अधिकारियों, सरकारी नियंत्रणाधीन कारोबार के कर्मचारियों, राजनैतिक दलों या उम्मीदवारों को निर्णय को प्रभावित करने या कारोबारी लाभ प्राप्त करने के लिए धन राशि या किसी मूल्यवान वस्तु, जो कि कानून के विरूद्ध है या अनैतिक है, को प्रदान करना प्रतिबंधित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक रूप से रिश्वत देना भी प्रतिबंधित है - आपको किसी वाणिज्यिक पक्षकार या व्यक्ति विशेष के साथ किसी भी प्रकार के अवैध भुगतानों या रिश्वत का आदान प्रदान नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, आपको कभी भी "किकबैक यानी रिश्वत" की पेशकश नहीं करनी चाहिए और न ही स्वीकार करनी चाहिए। इसका अर्थ है कि आप पहले से ही भुगतान की जा चुकी राशि (या भुगतान के लिए देय) को कारोबारी व्यवस्थाओं को करने या आगे बढ़ाने के प्रतिफल के रूप में न तो वापस कर सकते हैं और न ही स्वीकार कर सकते हैं।

यदि आप कभी किसी ऐसी स्थिति में फंस जाते हैं जहां आपको लगता है कि आपसे संहिता के इस उपबन्ध का उल्लंघन करने के लिए कहा जा रहा है, तो आपको विधि विभाग को सूचित करना चाहिए या कारोबार नैतिकता हॉटलाइन पर संपर्क करना चाहिए ("मार्ग दर्शन प्राप्त करना और चिंताओंको सूचित करना" शीर्षक खण्ड को देखें)।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- रिश्वत रोधी तथा भ्रष्टाचार रोधी नीति, LEG-POL-002

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

नए नैदानिक परीक्षणों के अनुमोदन प्राप्त करने के लिए दस्तावेज़ों को फ़ाइल करने और स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ काम करने के लिए मैरी उत्तरदायी है। आमतौर पर अनुमोदन प्राप्त करने में 4 सप्ताह का समय लगता है। मैरी स्वास्थ्य मंत्रालय में काम करने वाले एक अधिकारी को जानती है तथा वह उससे यह कहता है कि यदि वह "ठीक-ठाक" राशि प्रदान करती है, तो वह सामान्य तौर पर लगने वाले समय की तुलना में आधे समय में अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता कर सकता है। यह परियोजना पहले से ही तय समय से पीछे चल रही है तथा कंपनी पर इस अध्ययन को शुरू करने का बहुत अधिक दबाव है। क्या मैरी को भुगतान करना चाहिए?

उत्तर -

नहीं। यदि यह *भुगतान किया जाता है या इसकी पेशकश की जाती है*, तो इससे अनेकरिश्वत रोधी / भ्रष्टाचार रोधीकानूनों का उल्लंघन होगा। यदि आपके पास इन कानूनों या कार्रवाईयों के संबंध में कभी भी कोई भी प्रश्न हैं, तो विधि विभाग से मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए कहें।

हितों का संघर्ष

कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को कम्पनी के सर्वश्रेष्ठ हित में काम करना चाहिए। आपको कार्य से संबंधित किसी भी गतिविधि या निर्णय में कम्पनी के सर्वश्रेष्ठ हितों को आगे रखना चाहिए और निष्ठापूर्वक हितों के संघर्षों से बचना चाहिए। आपको यह निर्धारित करने में अपने सर्वश्रेष्ठ अधिनिर्णय का प्रयोग करना चाहिए कि क्या कोई हितों का संघर्ष मौजूद है अथवा उसका आभास होता है और फिर ऐसे किसी भी आचरण, गतिविधि, रिश्ते या अन्य स्थिति से बचना चाहिए जिससे हितों का संघर्ष पैदा होता है या हो सकता है या हित के संघर्ष का आभास होता है।

हालांकि यह संभव नहीं है कि हर उस विशेष कार्य की पहचान की जा सके जिससे हित का संघर्ष पैदा होता है, लेकिन हित का संघर्ष मौजूद हो सकता है यदि आपका या आपके परिवार के किसी सदस्य का ऐसा रिश्ता मौजूद है जो कि कम्पनी के सर्वश्रेष्ठ हितों के प्रतिकूल है या आपके कार्य से संबंधित उत्तरदायित्वों के निष्पादन की आपकी योग्यता के साथ संघर्ष का कारण बन सकता है। "परिवार के सदस्यों" में पति/पत्नी, घरेलू साझेदार, माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी या कोई ऐसा व्यक्ति जो इन क्षमताओं के रूप में काम करता है, बच्चे, नाती-पोते (खून का रिश्ते में, गोद लिए गए, या लालन पालन किए गए), सहोदर, आश्रित रिश्तेदार, या विवाह से सृजित समान रिश्ते (अर्थात ससुराल वाले) या कोई ऐसा व्यक्ति जिसके साथ रिश्तों के कारण संभावित रूप से कारोबारी अधिनिर्णय की निष्पक्षता संभावित रूप से प्रभावित हो सकती है। निम्नलिखित गतिविधियों में उन स्थितियों का वर्णन किया गया है जिनसे हित का संघर्ष पैदा हो सकता है, और कानून द्वारा अनुमत सीमा तक समीक्षा के लिए कम्पनी को अवश्य बताया जाना चाहिए, और यदि संभव हो, तो न्यूनीकरण के लिए ऐसा किया जाना चाहिए -

- **कम्पनी का स्वामित्व, ग्राहक, पूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी।** कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों का यदि किसी ग्राहक, संभावित ग्राहक, आपूर्तिकर्ता/विक्रेता या कम्पनी के प्रतिस्पर्धी में कोई वित्तीय हित है, तो उन्हें इस बारे में कंपनी को सूचित करना चाहिए। "वित्तीय हित" का आशय कम्पनी में किसी भी वर्ग की प्रतिभूतियों में आपका और/या आपके परिवार के किसी सदस्य का एक प्रतिशत (1%) से अधिक हिस्से का स्वामित्व या उस राशि में स्वामित्व धारण करना जो आपके और /या आपके परिवार के सदस्यों की कुल सम्पत्तियों के पांच प्रतिशत (5%) से अधिक है।
- **प्रतिस्पर्धी नियोजन** कोई भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक कम्पनी को बताए बिना तथा कम्पनी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी पूर्तिकर्ता/विक्रेता, ग्राहक या प्रतिस्पर्धी के कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक के रूप में काम नहीं करेंगे।
- **दोहरा नियोजन।** हालांकि यह आवश्यक नहीं है कि दोहरे नियोजन (जिसमें स्व-नियोजन शामिल है) से हित का संघर्ष हो, ऐसे सभी मामलों में कम्पनी के समक्ष प्रकटन तथा कम्पनी की लिखित अनुमति आवश्यक है जहां पर इस प्रकार के दोहरे नियोजन के संबंध में हित का संघर्ष मौजूद है।
- **पारिवारिक सदस्यों का नियोजन।** किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक द्वारा परिवार के सदस्य, जो कि कम्पनी का कर्मचारी है, के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन या प्रतिपूर्ति का पर्यवेक्षण, समीक्षा नहीं करना चाहिए या उन्हें प्रभावित नहीं करना चाहिए।
- **अन्य मामले।** किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक द्वारा, बिना किसी उचित प्राधिकार के, किसी व्यापार गोपनीयता, गोपनीय अथवा स्वामित्व संबंधी सूचना या कंपनी या हमारे ग्राहकों की बौद्धिक संपदा को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रकट करने या प्रयोग करने की अनुमति किसी भी स्थिति में नहीं दी जाएगी।

यदि आपको किसी भी ऐसे कार्य के संबंध में कोई प्रश्न हैं जिनसे हित का संघर्ष पैदा हो सकता है, तो कृपया इस स्थिति पर अपने अगले सुपरवाइज़र से तत्काल चर्चा करें। यदि आपको कम्पनी में मौजूद किसी हित के संघर्ष के बारे में जानकारी है, तो आपको कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, हित के संघर्ष नीति में तय की गई प्रक्रिया के अनुसार इस प्रकार के संघर्ष को प्रकट करना चाहिए।

कम्पनी के पास यह निर्धारित करने का अधिकार है कि हित का वास्तविक या संभाव्य संघर्ष कब होता है, तथा ऐसी कार्रवाई करना जो कि कम्पनी के एकमात्र अधिनिर्णय के अनुसार, इस संघर्ष को जारी रखने से रोकने के लिए आवश्यक है। इस प्रकार की कार्रवाई में आपको संघर्षकारी हित से दूर करना या प्राप्त लाभ या फायदे को लौटाना, आपकी ड्यूटियों और उत्तरदायित्वों को पुन निर्धारित करना, या अनुशासनात्मक कार्रवाई करना जिसमें गंभीर मामलों में आपके नियोजन की समाप्ति शामिल हो सकती है, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- हित संघर्ष नीति, LEG-POL-009

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

मैरी कम्पनी के लिए परियोजना प्रबंधक के रूप में काम करती है। उसका पति, रॉबर्ट, कम्पनी के ग्राहक के लिए काम करता है। रॉबर्ट, ग्राहक के प्रायोजक संविदा समूह में संविदा प्रबंधक है। क्या मैरी को यह बताने की आवश्यकता है कि उसका पति ग्राहक के लिए काम करता है?

उत्तर -

नहीं। मैरी को तभी यह बात प्रकट करने की आवश्यकता है जब उसका या उसके परिवार के सदस्य का ग्राहक में वित्तीय हित है, या यदि उसके पति द्वारा ग्राहक के लिए काम करने के परिणामस्वरूप किसी वास्तविक हित के संघर्ष का सृजन होता है। उदाहरण के लिए, यदि मैरी किसी परियोजना में परियोजना प्रबंधक है तथा उसे वर्क ऑर्डर के लिए अपने पति से मोलभाव करना पड़ता है, तो उसे हित के संघर्ष को प्रकट करना चाहिए। यदि मैरी इस संबंध में अनिश्चितता की स्थिति में है, तो उसे अपने प्रबंधक से परामर्श करना चाहिए।

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

जॉन कम्पनी में प्रापण विश्लेषक है। उसका भाई एक छोटी कम्पनी का स्वामी है जिसके द्वारा अनुवाद सेवाएं प्रदान की जाती हैं और उसके द्वारा कम्पनी के पसंदीदा विक्रेता बनने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है। क्या इससे जॉन के लिए कोई हित का संघर्ष पैदा होता है?

उत्तर -

यदि जॉन अपने भाई की कम्पनी के विक्रेता के रूप में चयन से संबंधित समीक्षा, मोलभाव और /या चयन प्रक्रिया में शामिल है, तो हित का संघर्ष मौजूद है। जॉन को इस स्थिति के बारे में अपने प्रबंधक को अवश्य सूचित किया जाना चाहिए जिसके द्वारा इस संहिता सहित कम्पनी की नीतियों के अनुसार इसका समाधान किया जाएगा। यहां तक कि जॉन का अपने भाई की कम्पनी की समीक्षा, मोलभाव और /या चयन प्रक्रिया में कोई भागीदारी नहीं है, तो भी यदि जॉन की रिश्तेदारी के बारे में यदि किसी को पता लगता है तो इससे हित के संघर्ष के सृजन का आभास पैदा हो सकता है। यह सिफारिश की जाती है कि जॉन द्वारा अपने प्रबंधक को इस रिश्ते को बता देना चाहिए।

उपहार और कारोबारी मनोरंजन

उपहार और कारोबारी मनोरंजन शिष्टाचार की श्रेणी में आते हैं ये ग्राहकों, विक्रेताओं तथा आपूर्तिकर्ताओं के साथ बेहतर कामकाजी संबंधों और सद्भावना के लिए आशयित होते हैं। बहरहाल, उपहार और मनोरंजन को तब उचित नहीं माना जाता है जब उनसे कोई बाध्यता पैदा होती है, या आपको ऐसी स्थिति में डाल दिया जाता है जहां आप पक्षपात करते हुए नज़र आते हैं या उन्हें कारोबारी निर्णय को प्रभावित करने के आशय के साथ दिया जाता है। यह आप और आपके परिवार के सदस्यों पर लागू होता है।

आमतौर पर आप नाममात्र के मूल्य के उपहार स्वीकार या प्रदान कर सकते हैं जिन्हें सामान्य रूप से बिक्री को बढ़ावा देने (जैसे कैलेण्डर, डायरियां, पेन, काफी मग आदि) के लिए प्रयोग में लाया जाता है। "नाममात्र के मूल्य" के उपहारों का मूल्य $25 अमरीकी डालर या कम होता है (या स्थानीय समकक्ष मूल्य के अनुसार)। औचित्यपूर्ण कारोबारी मनोरंजन स्थानीय सामाजिक और कारोबारी रीति रिवाज के अनुरूप होते हैं तथा उपहार और कारोबारी मनोरंजन नीति के अनुरूप उनकी अनुमति दी जा सकती है। सरकारी अधिकारियों तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधा प्रदाताओं के साथ व्यवहार करने के दौरान विशेष नियम लागू होते हैं जिनमें उपहार/ मनोरंजन, यदि स्वीकार्य हैं, तो वे अलग-अलग हो सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया उपहार और कारोबारी मनोरंजन नीति, लागू पूर्व-अनुमोदन अपेक्षाओं, तथा उपहार और मनोरंजन प्रदान करने और प्राप्त करने के संबंध में और अतिरिक्त निर्देशों को देखें।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- उपहार और कारोबारी मनोरंजन नीति, LEG-POL-008

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

एमी द्वारा अनेक प्रायोजकों के साथ संबंधों का प्रबन्धन किया जाता है। छुट्टी के मौसम में, इन प्रायोजकों के यहां पर उसके समकक्ष कार्य करने वाले अधिकारियों को धन्यवाद अदा करने के लिए वह मंहगे अंतर्रा,ट्रीय चाकलेट निर्माता द्वारा तैयार किए गए मंहगे ट्रूफ्फल्स का एक बॉक्स भेजना चाहती है। क्या यह ठीक है?

उत्तर -

नहीं, एमी को यह उपहार नहीं भेजना चाहिए। उपहार की कीमत नाममात्र के मूल्य से अधिक है, लेकिन केवल यही बात ही विचारणीय नहीं है। प्रायोजक को मंहगा उपहार प्रदान करने से यह आभास पैदा हो सकता है कि एमी कारोबारी निर्णय को प्रभावित करने या उनको एहसानमंद बनाने की कोशिश कर रही है, हालांकि उसका यह इरादा नहीं है। साथ ही, इससे प्रायोजक की नीतियों का उल्लंघन भी हो सकता है।

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

कोई प्रायोजक किसी खास अध्ययन के लिए कम्पनी के कर्मचारियों को $100 उपहार कार्ड देना चाहता है, विशेष रूप से उन कर्मचारियों को जिन्होने शीघ्र नामांकन को पूरा करने में सहायता की थी। कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा नामांकन को पूरा करने के लिए कर्मठतापूर्वक और मेहनत से काम किया था। क्या कर्मचारियों को उपहार कार्ड स्वीकार करना चाहिए?

उत्तर -

नहीं। हालांकि कर्मचारियों द्वारा " निर्धारित कर्तव्यों से अधिक कार्य निष्पादन" किया है, लेकिन कर्मचारियों के इस निष्पादन का आकलन करना उनके लाइन प्रबंधक(रों) का काम है तथा इसका प्रबंधान हमारे ईनाम एवं पहचान कार्यक्रम के माध्यम से कंपनी के भीतर,यदि वे इसे उपयुक्त समझते हैं, किया जाना चाहिए। हालांकि, यहां पर नामांकन को पूरा कर दिया गया है, लेकिन जल्दी से नामांकन को पूरा करने के लिए उपहार को स्वीकार करने पर अभी भी संघर्ष का आभास हो सकता है। भूलवश इससे यह संदेश जा सकता है कि समझ बूझ की तुलना में पूर्णता की गति ही लक्ष्य है तथा क्या प्रोत्साहन कम्पनी के कर्मचारियों के लिए था। हमें हमेशा इस बात के प्रति सजग रहना चाहिए कि हमें संघर्ष के आभास को भी पैदा नहीं करना चाहिए।

गोपनीय जानकारी

गोपनीय कम्पनी जानकारी मूल्यवान कार्पोरेट सम्पत्ति है, और इसकी सुरक्षा भी उसी तरह की जानी चाहिए जिस तरह कम्पनी की भौतिक सम्पत्तियों की सुरक्षा की जाती है। आपके लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप कम्पनी की गोपनीय और मालिकाना जानकारी की सुरक्षा करें तथा आपको या किसी कर्मचारी को सौंपी गई इस प्रकार की जानकारी के प्रति किसी भी प्रकार के अनुचित पहुंच से इंकार करें। गोपनीय जानकारी के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं - मूल्य निर्धारण योजनाएं, लागत जानकारी, बिक्री संबंधी आंकड़ें, वित्तीय परिणाम, ग्राहक सूची, विपणन और बिक्री योजनाएं, तथा व्यापार की अन्य गोपनीय बातें, गैर-सार्वजनिक वित्तीय जानकारी, कारोबारी प्रस्ताव, आंकड़ें, फार्मूले, प्रक्रियाएं तथा अन्वेषण और अन्य बौद्धिक सम्पदा, लेकिन यह इन्हीं तक ही सीमित नहीं हैं। कम्पनी या अन्य कम्पनियों जिनके साथ हमारा कारोबार सम्बद्ध है,द्वारा हमें सौंपी गई समस्त गोपनीय जानकारी के अप्राधिकृत प्रकटन से हममें से प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा तथा संरक्षा प्रदान करनी चाहिए। सभी कर्मचारियों को गैर-प्रकटन/गोपनीयता समझौते पर हस्ताक्षर करने होते हैं जिसमें कम्पनी की गोपनीय जानकारी की संरक्षा पर सहमति व्यक्त करनी होगी। कम्पनी अपने कर्मचारियों को कारोबार के बारे में उन्हें सूचित रखने के लिए, यथा उपयुक्त जानकारी साझा करने का प्रयास करती है। कम्पनी की जानकारी के संबंध में गोपनीयता को बनाए रखने में असफल रहने के परिणामस्वरूप जानकारी को साझा करने की योग्यता प्रभावित हो सकती है।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- एसोसिएट तथा संविदाकार पासवर्ड नीति, IT-POL-002
- सुरक्षा जागरूकता नीति, IT-POL-003
- सूचना सुरक्षा नीति, IT-POL-004
- सुरक्षा घटना प्रबन्धन नीति, IT-POL-005
- डेटा वर्गीकरण नीति, IT-POL-006
- भेद्यता प्रबन्धन, IT-POL-007

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

मेलिस्सा, जो कि आईटी आर्कीटेक्चर की निदेशक है, वह स्थानीय उद्योग कार्यशील समूह से संबंध रखती है। हालांकि अन्य CRO से मेलस्सा के समकक्ष अन्य अधिकारी भी हैं जो कि कार्यशील समूह से संबंधित हैं, लेकिन वे उस छोटे समूह का हिस्सा नहीं हैं जिसके साथ मेलिस्सा द्वारा समय-समय पर सामान्य मुद्दों तथा प्रस्तावित समाधानों के बारे में बात करने के लिए मुलाकात की जाती है। मेलिस्सा, इस छोटे समूह के सदस्यों की राय का सम्मान करती है तथा उसका ऐसा मानना नहीं है कि यदि कम्पनी की गोपनीय जानकारी को इन चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए यदि साझा किया जाता है तो इस बात से गोपनीय जानकारी प्रभावित नहीं होगी। क्या मेलिस्सा की मान्यता सही है?

उत्तर -

नहीं। वह कार्य जो मेलिस्सा कंपनी की ओर से करती है, जो कार्य उत्पाद वह बनाती है तथा जो गोपनीय जानकारी उसके पास है, उन सभी को कंपनी की सम्पत्ति माना जाता है। उसके द्वारा कम्पनी से बाहर किसी के साथ भी इस जानकारी को साझा नहीं करना चाहिए जिसे इसको जानने की विधिसम्मत आवश्यकता नहीं है तथा वह लिखित में जानकारी की गोपनीयता की संरक्षा के लिए बाध्य नहीं है।

कार्पोरेट अवसर

कम्पनी के किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक द्वारा कार्पोरेट सम्पत्ति या जानकारी या अपने पद का प्रयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं किया जाएगा। जब कम्पनी के विधिमान्य हितों को आगे बढ़ाने का मौका आता है, तो कम्पनी के प्रति आपका यह दायित्व है कि आप उस दिशा में सकारात्मक रूप से काम करें। आपके द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए कम्पनी से प्रतिस्पर्धा करना या किसी ऐसे अवसर का लाभ उठाने को प्रतिबंधित किया गया है जिसे कम्पनी की सम्पत्ति, जानकारी या पद के माध्यम से प्राप्त किया गया है। आपको किसी भी कार्पोरेट अवसर को कम्पनी के भीतर अपने सुपरवाइज़र/प्रबंधक या अन्य उपयुक्त व्यक्ति को बताना चाहिए ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि कम्पनी उसअवसरका लाभ उठाना चाहती है।

यदि आप अधिकारी हैं, तो आपकी यह अतिरिक्त बाध्यता है कि आपको किसी ऐसे अवसर का व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रयोग नहीं करना चाहिए जिस पर कम्पनी कार्य करना चाहती है, फिर चाहे इस प्रकार के अवसर की जानकारी आपको कम्पनी के आपके रिश्ते के बिना ही प्राप्त हुई है।

आईएनसी रिसर्च होल्डिंग्स, आइएनसी. (INC Research Holdings, Inc.)

कम्पनी की सम्पत्ति या सेवाओं का प्रयोग

कम्पनी की सम्पत्ति की चोरी, हानि या क्षति का कम्पनी के वित्तीय निष्पादन पर सीधा प्रभाव होता है। कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कम्पनी की सम्पत्ति का प्रयोग, परिवहन तथा उनके प्रतिधारण को सावधानी पूर्वक और कम्पनी के विधि मान्य कारोबारी उद्देश्यों के लिए करेंगे और ऐसा उपयोग व्यक्तिगत लाभ या किसी अन्य के व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसमें निधियों, कार्य समय तथा संसाधनों जैसे कार्यालय तथा कम्प्यूटर उपकरण आदि का प्रयोग भी शामिल है।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- कम्पनी की वॉएस तथा डेटा प्रौद्योगिकी नीति का प्रयोग, IT-POL-001.
- आपके कार्य स्थल के लिए लागू कर्मचारी पुस्तिका

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

डॉन द्वारा अकसर घर से कम्पनी के कम्प्यूटर पर काम के सामान्य घंटों के बाद काम किया जाता है। कभी कभी वह अपनी व्यक्तिगत ईमेल को पढ़ता है जिन्हें किसी द्वारा अश्लील माना जाता है तथा वह उन्हें कम्पनी और बाहर, दोनो को अपने मित्रों को अग्रेषित करता है। डॉन के विचार में वह किसी को भी परेशान नहीं करता और न ही कम्पनी को क्षति पहुंचाता है, क्योंकि वह ऐसा कारोबारी घंटों के अलावा घर पर करता है। क्या डॉन का सोचना सही है?

उत्तर -

नहीं। कम्पनी के कम्प्यूटर, नेटवर्क प्रणालियों या अन्य कम्पनी द्वारा जारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग अनुचित ईमेल को देखने या अग्रेषित करना बिल्कुल सही नहीं है।

सामाजिक मीडिया

सामाजिक मीडिया के माध्यम से हमारे भागीदारों के साथ सम्प्रेषण और सहयोग के लिए अवसर उपलब्ध होते हैं। बहरहाल, कार्पोरेट संचार समूह में प्राधिकृत कार्मिकों को ही कम्पनी की ओर से संबंधित कारोबारी उद्देश्यों के लिए सामाजिक मीडिया का प्रयोग करने की अनुमति दी गई है और वह भी तब तक, जब इस प्रकार का सामाजिक मीडिया का प्रयोग लागू नीति और हमारी संहिता के अनुरूप किया जाता है।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- सामाजिक मीडिया नीति, LEG-POL-007

राजनैतिक गतिविधियां और धर्मार्थ अंशदान

आपको कम्पनी की निधियों तथा अन्य सम्पत्तियों का प्रयोग किसी उम्मीदवार, राजनैतिक दल को किसी भी प्रकार के राजनैतिक अंशदानों या किसी भी प्रकार के जनमत-संग्रह या ऐसी किसी पहल के लिए नहीं करना चाहिए जिसमें आपके कार्य का समय, कम्पनी के परिसर, या कम्पनी के उपकरण भी शामिल हैं। इस प्रतिबंध में न केवल सीधे अंशदान करना शामिल है अपितु परोक्ष सहायता या उम्मीदवारों या राजनैतिक दलों का विशेष रात्रिभोजों के लिए टिकटों की खरीददारी या अन्य निधियां जुटाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम समर्थन करना भी प्रतिबंधित किया गया है, और साथ ही इसमें किसी प्रकार का अन्य सामान, सेवाएं या उपकरण राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराने पर भी प्रतिबंध शामिल है। आपके द्वारा अपनी ओर से और स्वयं अपने पैसे से और अपने समय के दौरान राजनैतिक अंशदान या गतिविधियां वस्तुत: आप की अपनी मर्जी पर निर्भर करती हैं। कम्पनी द्वारा न तो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आपको किसी राजनैतिक अंशदान या किसी राजनैतिक कार्यक्रम में भागीदारी करने की लागत की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

कम्पनी की ओर धर्मार्थ संस्थाओं को दिए गए दान, कम्पनी के नाम से किए गए दान, कम्पनी की ओर से धर्मार्थ संस्थाओं की सहायता के लिए आयोजित किसी भी कार्यक्रम का विधि विभाग के सहयोग से फंक्शनल/बीयू लीड की लिखित अनुमति से पूर्व अनुमोदन लिया जाना चाहिए। ऐसी कोई भी धर्मार्थ संस्था, वह संस्था नहीं हो सकती है जिसके साथ कम्पनी के कारोबारी रिश्ते हैं अथवा वह उनके साथ ऐसे रिश्ते बनाना चाहती है। आपके द्वारा अपनी ओर से और स्वयं अपने पैसे से और अपने समय के दौरान धर्मार्थ संस्थाओं को दिए गए अंशदान या गतिविधियां वस्तुत: आप की अपनी मर्जी पर निर्भर करती हैं। कम्पनी द्वारा न तो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आपको किसी धर्मार्थ संस्था को दिए गए अंशदान या धर्मार्थ कार्य के लिए आयोजित किसी कार्यक्रम में भागीदारी करने की लागत की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

कम्पनी द्वारा अपने प्रत्येक कार्यालय के स्थानीय समुदायों की सहायता करने की कोशिश की जाती है, लेकिन एक उचित कारोबारी परिवेश को बनाए रखने तथा कार्य के बीच में हस्तक्षेप की रोकथाम और दूसरों को असुविधा से बचाने के लिए, कर्मचारियों द्वारा कार्यालय समय के दौरान किसी भी प्रकार के साहित्य या लिखित सामग्रियों का वितरण नहीं किया जाएगा, वस्तुओं आदि को बेचा नहीं जाएगा, किसी वित्तीय अंशदानों का अनुरोध नहीं किया जाएगा अथवा किसी अन्य व्यक्तिगत कारण से सहायता के अनुरोध नहीं किए जाएंगे *जब तक कि ऐसी गतिविधि पूर्व अनुमत कम्पनी प्रायोजित या कम्पनी अनुमोदित गतिविधि न हो*। इसमें दान के लिए अनुरोध, निधियां जुटाने से संबंधित कार्यक्रम, लाटरी, रफ्फल तथा ऑफिस पूल शामिल हैं।

हमारे स्टॉकधारकों तथा जनता का आदर और सत्यनिष्ठा

हमारे स्टॉक धारक तथा जनता हम पर इस बात के लिए भरोसा करते हैं कि हम इन कर्त्तव्यों का पालन करेंगे ताकि हम अपने प्रचालनों को सटीकता से दर्शा सकें।

हमारे स्टॉकधारकों तथा जनता का आदर और सत्यनिष्ठा

सटीक बही खाते और रिकार्ड

कम्पनी को अपनी समस्त जानकारी की पूर्ण, न्यायसंगत, सटीक, समयानुसार और समझने योग्य रिकार्डिंग तथा रिपोर्टिंग की आवश्यकता होती है। आपको इस प्रकार से काम करना चाहिए जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कम्पनी की खाता बहियां, अभिलेख, लेखे तथा वित्तीय विवरणों को न्यायसंगत ब्यौरे के साथ बनाए रखा जाता है, उनमें कम्पनी के लेनदेनों को उचित रूप से दर्शाया जाता है तथा जो लागू कानूनी अपेक्षाओं तथा कम्पनी के आंतरिक नियंत्रणों की प्रणाली, दोनो के अनुरूप हैं। ऐसा करने के लिए, आपको कम्पनी प्रबन्धन द्वारा लागू समस्त आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं के अनुरूप ही लेनदेनों का निष्पादन और रिकार्ड करना चाहिए। इसके अलावा, आपको प्रदान की गई समस्त व्यय प्रतिपूर्तियां सही प्रकृति और व्यय की गई राशि को सटीकता से साथ परिलक्षित करना चाहिए। आपके टाइम कार्ड रिपोर्ट में भी आपके द्वारा किए गए वास्तविक कार्य और समयावधि भी दिखाया जाना चाहिए, और साथ ही कार्य से अलग हट कर व्यतीत किए गए समय की भी उचित श्रेणी दर्शानी चाहिए। इसके अलावा, यदि किसी भी रूप में कम्पनी के प्रकटन दस्तावेजों (जैसे SECफाइलिंग या प्रेस विज्ञप्तियों) को तैयार करने के कार्य से जुड़े हैं, तो आपकोऐसे दस्तावेजोंमें पूर्ण, न्यायसंगत, सटीक, समयबद्ध और समझने योग्य प्रकटन देने चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है कि आप किसी ऐसे रिकार्ड को तैयार नहीं करते हैं, अथवा तैयार करने या बनाए रखने में भागीदारी नहीं करते हैं, जिसका आशय किसी के लिए भ्रम पैदा करना हो अथवा किसी अनुचित कार्य या आचरण को छिपाना हो।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- यात्रा और व्यय प्रतिपूर्ति की वैश्विक नीति, OM-POL-001.

रिकार्ड प्रबन्धन

अपने रिकार्ड का उचित रूप से प्रबन्धन करना, हमारे कारोबार के प्रचालनों का एक महत्वपूर्ण भाग है। रिकार्ड में कम्पनी के कारोबार के लेनदेन के दौरान तैयार किए गए, प्राप्त किए गए तथा बनाए रखे गए सभी इलेक्ट्रॉनिक, ईमेल किए गए, छवि बनाए गए तथा कागज़ी दस्तावेज शामिल हैं। अपने रिकार्ड के प्रभावी प्रबन्धन से हम अपनी कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने में समर्थ होते हैं और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि आवश्यकता के समय हमारे रिकार्ड उपलब्ध हैं। इससे हमें लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने और मुकदमेबाजी, ऑडिट या छानबीन आदि की स्थिति में संबंधित दस्तावेजों को परिरक्षित रखने में सहायता मिलती है।

जानकारी का अनुरोध करने वाले तथा वास्तविक या प्रत्याशित मुकदमा या विनियाम कार्रवाई वाले सम्मन आदि से जुड़े रिकार्ड की स्थिति में "विधिक धारण" लागू होता है। ऐसी स्थिति में, आपको उन सभी रिकार्ड को धारण और बनाए रखना चाहिए जिनकी आवश्यकता पड़ सकती है और आपको ऐसा तब तक करना चाहिए जब तक कि विधि विभाग से इस संबंध में उठाए जाने वाले कदम की जानकारी नहीं मिल जाती है। यदि आपको सम्मन या लंबित या संभावित कानूनी या विनियामक कार्रवाई की जानकारी मिलती है, या आपको यह लगता है कि किसी ने अनुचित रूप से किसी रिकार्ड को छिपाया, उसमें फेर बदल या उसको नष्ट किया है, तो आपको इसकी जानकारी तत्काल कम्पनी के जनरल काउंसल को देनी चाहिए।

प्रतिभूति नियम एवं अंतरंगी व्यापार

कम्पनी में आपके द्वारा काम करने के कारण आपको प्राप्त हुई मूलभूत गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर किसी भी कम्पनी (कम्पनी सहित) की प्रतिभूतियों में व्यापार करना या दूसरों को व्यापार करने के लिए कहना अवैध है। महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी की सभी श्रेणियों को परिभाषित करना संभव नहीं है। बहरहाल, जानकारी को तभी **महत्वपूर्ण** माना जाना चाहिए जब इस बात की समुचित संभावना है कि इसे कम्पनी की प्रतिभूतियों की खरीद या बिक्री से संबंधित निर्णय करने के लिए निवेशक के लिए महत्वपूर्ण माना जाएगा। सकारात्मक और नकारात्मक कोई भी जानकारी महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है। इस मानक के अंतर्गत यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि क्या कोई खास जानकारी महत्वपूर्ण है, लेकिन सूचना की विभिन्न श्रेणियां हैं जिन्हें संवेदनशील माना जाता है, और सामान्य नियम के रूप में, उन्हें हमेशा ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। इस प्रकारा की जानकारी के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं - वित्तीय परिणाम (प्राथमिक या वास्तविक); भावी आय या हानि के पूर्वानुमान; लंबित या प्रस्तावित आमेलन या अधिग्रहण से संबंधित समाचार; सहायक कम्पनी की बिक्री से संबंधित समाचार; भावी दिवालियापन या वित्तीय तरलता समस्याएं; किसी महत्वपूर्ण ग्राहक या ग्राहक संविदा की प्राप्ति या उसे गंवाना; चिकित्सालीय अध्ययन की सफलता या असफलता; लाभांश नीति में परिवर्तन; महत्वपूर्ण प्रकृति की नई सेवा घोषणाएं; मूल्य निर्धारण संबंधित परिवर्तन; शेयर का विभाजन करना (स्टॉक स्प्लिट्स) या नकद या स्टॉक लाभांश; नई ईक्विटी या ऋण की पेशकश; वास्तविक या संभावित मुकदमे के कारण किसी बड़े मुकदमे में फंसना; वरिष्ठ प्रबन्धन में बड़े परिवर्तन; किसी एक्सचेंज या बाजार में सूचीबद्ध होने से संबंधित स्थिति। **गैर सार्वजनिक जानकारी** वह जानकारी होती है जिसे इससे पहले आम जनता को बताया नहीं गया है तथा यह अन्यथा आम जनता को उपलब्ध नहीं है।

कम्पनी से संबंधित प्रतिभूतियों तथा जिन अन्य कम्पनियों के साथ यह कम्पनी कारोबार करती है, उनकी प्रतिभूतोयं में व्यापार करने से संबंधित नियमों को अंतरंगी व्यापार तथा जनता के साथ सम्प्रेषण से संबंधित कम्पनी की नीति में विस्तार से शामिल किया गया है। यदि कम्पनी की किसी सिक्योरिटीज़ या आपके काम के कारण कम्पनियों में किसी भी प्रकार की सिक्योरिटीज़ की खरीद, बिक्री या अंतरण से संबंधित कानूनी नियमों के बारे में आप अनिश्चित हैं, तो आपको इस प्रकार की किसी खरीद या बिक्री करने से पहले कम्पनी के विधि विभाग से परामर्श करना चाहिए।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- अंतरंगी व्यापार तथा जनता के साथ सम्प्रेषण नीति, LEG-POL-006

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

मैरी के भाई द्वारा स्टॉक मार्केट में निवेश किया जाता है। मैरी, प्रायोजक X (यू.एस. की एक सरकारी कम्पनी) के चरण III अध्ययन की परियोजना निदेशक है जिसके द्वारा उस अध्ययन को लगभग पूरा ही किया जाने वाला है तथा आंकड़े काफी अधिक उत्साहजनक दिखाई देते हैं। क्या वह अपने भाई से इस बात का उल्लेख कर सकती है कि प्रायोजक X का स्टाक बढ़ सकता है तथा अभी निवेश करना एक अच्छी सोच हो सकती है?

उत्तर -

नहीं। इसे अमरीकी कानूनों के अंतर्गत "टिप्पिंग (टिप देना)"कहा जाता है और यह अवैध है। हालांकि मैरी के इरादे नेक हैं, लेकिन वह मूलभूत गैर सार्वजनिक जानकारी को साझा नहीं कर सकती है। यदि वह ऐसा करती है तथा उसके भाई द्वारा उस जानकारी के आधार पर ट्रेड किया जाता है, तो मैरी और उसके भाई दोनो द्वारा कानून का उल्लंघन किया जा सकता है तथा उनके विरूद्ध सिविल और आपराधिक प्रतिबन्ध लगाए जा सकते हैं।

सार्वजनिक प्रकटन

कम्पनी के लिए यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि कम्पनी द्वारा किए गए सभी सार्वजनिक सम्प्रेषणों में तथा कम्पनी द्वारा SEC, को फाइल की गई अथवा प्रस्तुत की गई समस्त रिपोर्टों और दस्तावेजों में जो प्रकटन किए जाते हैं, वह पूर्ण, न्यायसंगत, सटीक, समयानुसार और समझने योग्य होने चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी तथा निदेशक को हमारी कम्पनी में अपनी भूमिका के अनुसार इन उत्तरदायित्वों के संबंध में कम्पनी की सहायता के लिए उपलब्ध प्रत्येक कदम को अवश्य उठाया जाना चाहिए। विशेष रूप से, कम्पनी द्वारा अपनी सार्वजनिक रिपोर्टों तथा प्रकटनों को तैयार करने से संबंधित कम्पनी या प्राधिकृत प्रतिनिधियों (जैसे कि इसके बाह्य लेखा परीक्षक तथा बाह्य विधि काउंसल) द्वारा आपसे की गई किसी भी पूछताछ के संबंध में प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी तथा निदेशक द्वारा तत्काल और सटीक उत्तर दिए जाने चाहिए।

अपने कार्पोरेट सम्प्रेषणों के साथ समन्वय करना

कभी कभी ऐसा हो सकता है कि आपको कारोबार तथा व्यापार मीडिया या निवेश समुदाय से जानकारी या साक्षात्कार आदि के बारे में पूछा जा सकता है। हमारी नीति यह है कि मीडिया और निवेशक समुदाय को केवल प्राधिकृत जानकारी ही जारी की जाए तथा ऐसा केवल कम्पनी के अधिकृत चैनलों द्वारा किया जाना चाहिए। कम्पनी की ओर से किए गए समस्त सम्प्रेषण केवल INC ग्लोबल कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस समूह या अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से ही किए जा सकते हैं अथवा इनके द्वारा अनुमोदित होने चाहिए। इस प्रकार से संबंधित किसी भी अनुरोध को तत्काल INC ग्लोबल कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस या जानकार अधिकृत व्यक्ति को भेजा जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रवर्तन या विधि विभाग की ऑडिट संबंधी गतिविधि के लिए किसी सरकार से प्राप्त समस्त अनुरोधों को अग्रेषित करना चाहिए।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- कार्पोरेट मीडिया नीति, COM-POL-001
- सम्मेलन में बोलने से संबंधित नीति, COM-POL-002
- प्रेस विज्ञप्ति विकास और अनुमोदन नीति, COM-POL-003

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

क्रिस्टीना से पत्रकार द्वारा संपर्क किया जाता है जो उससे कम्पनी द्वारा अधिग्रहण करने से संबंधित अफवाह के बारे में पूछा जाता है। क्रिस्टीना ने कार्यालय में बहुत अधिक चर्चा को सुना है तथा वह जानती है इससे कम्पनी का कारोबार वैश्विक स्तर पर फैल जेगा तथा इसके अनुपूरक क्षमताएं विकसित होंगी, जिससे कम्पनी प्रायोजकों के लिए और भी अधिक आकर्षक हो जाएगी। क्या उसे पत्रकार से बात करनी चाहिए?

उत्तर -

नहीं। क्रिस्टीना को किसी को भी जो कुछ उसने कार्यालय में सुना है, उसकी जानकारी नहीं देनी चाहिए, यहां तक कि जिसमें उसके सह-कामगार भी शामिल हैं। उसके पास जो जानकारी है वह सटीक या पूर्ण नहीं हो सकती है। यदि वह जानकारी सही या पूरी भी है, तो भी क्रिस्टीना को कम्पनी द्वारा मीडिया के समक्ष बोलने के लिए प्राधिकृत नहीं किया गया है। उसे तत्काल ग्लोबल कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस समूह से संपर्क करना चाहिए।

आंकड़ों की निजता

पूरी दुनिया में व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी के संग्रह, प्रसंस्करण, अंतरण, प्रकटन, स्टोरेज और प्रयोग को विनियमित करने वाले अनेक कानून हैं। कम्पनी लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी की गोपनीयता के संरक्षण के प्रति वचनबद्ध है। कम्पनी द्वारा वैश्विक निजता अधिकारी की नियुक्ति की गई है और यह नैदानिक अनुसंधान संगठनों (ACRO) की वैश्विक आंकड़ा संरक्षण तथा निजता समिति की सदस्य है। आंकड़ों की निजता से संबंधित प्रश्नों को data.privacy@incresearch.comमें भेजा जा सकता है।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- वैि श्वक आं क ा निजता नीति, LEG-POL-003
- नैदानिक अनु धान निजता नीति, LEG-POL-004
- काट टच सट ि पिर बातरीत की ररकाडि ग करना, LEG-POL-012

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

रिचर्ड, जो कि एक पूर्व कर्मचारी है, वह एच आर विभाग में कॉल करता है और कहता है कि वह अपने सह कामगार और मित्र से म्यूनिख कार्यालय में बात करना चाहता है। उससे पीटर के घर का नम्बर खो गया है और वह यह कहता है कि क्या एच आर प्रतिनिधि द्वारा उसे वह नम्बर दिया जा सकता है? एच आर प्रतिनिधि को यह पता है कि रिचर्ड और पीटर दोनो मित्र थे। क्या एच आर प्रतिनिधि को पीटर के घर के नम्बर को रिचर्ड को देना चाहिए?

उत्तर -

नहीं। पीटर के घर का नम्बर व्यक्तिगत जानकारी है और कम्पनी उसे पीटर की सहमति के बिना रिचर्ड को उपलब्ध नहीं करा सकती है। हालांकि, एच आर प्रतिनिधि द्वारा रिचर्ड का नम्बर लिया जा सकता है यदि वह उसे स्वैच्छिक रूप से प्रदान करता है तथा इसके बाद वह इसे पीटर को ईमेल कर सकती है ताकि वह यदि चाहे तो रिचर्ड से इसके माध्यम से संपर्क कर सकता है।

Copyrights and Computer Software

कभी-कभी आपको अपना काम पूरा करने के लिए तृतीय-पक्ष की कॉपीराइट सामग्री का प्रयोग करना पड़ सकता है। कॉपीराइट कानूनों का सम्मान करना कम्पनी की नीति है। इसलिए, आपके द्वारा इस प्रकार के तीसरा पक्ष सामग्री का प्रयोग करने से पहले, कॉपीधारक से उचित प्राधिकार अवश्य प्राप्त कर लिया जाना चाहिए। इस प्रकार की अनुमति की आवश्यता इस बात पर निर्भर कर सकती है कि क्या तीसरे पक्ष की सामग्री में निहित अंतिम उत्पाद को व्यक्तिगत, आंतरिक रूप से कम्पनी या अन्य रूप में प्रयोग में लाया जाएगा।

आपको किसी ऐसे लाईसेंस समझौतों के नियमों और शर्तों का अवश्य पालन करना चाहिए जिसमें कम्पनी एक पक्ष के रूप में शामिल है। अधिकांश मामलों में, आपके पास सॉफ्टवेयर की केवल बैकअप के उद्देश्य के अलावा प्रतियां करने का अधिकार नहीं होता है। इसमें कम्पनी द्वारा लाईसेंस लिए गए महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर कार्यक्रम ही शामिल नहीं होते हैं अपितु इसमें छोटे तथाकथित, "श्रिंक रैप" कार्यक्रम भी शामिल होते हैं जिनका प्रयोग शब्द प्रसंस्करण, स्प्रैडशीट तथा डेटा प्रबन्धन के लिए किया जाता है।

आपको कम्पनी को लाईसेंस प्रदत कॉपीराइट की गई बौद्धिक सम्पत्ति की प्रति तैयार नहीं करनी चाहिए अथवा कम्पनी के कम्प्यूटर पर कम्पनी के कारोबार को आगे बढ़ाने के अलावा अन्यथा उस सम्पत्ति का प्रयोग नहीं करना चाहिए, तथा इस प्रकार के प्रयोग की कॉपीराइट कानूनों के अंतर्गत अनुमति प्रदान किया जाना आवश्यक है। जब तक प्रस्तावित प्रयोग के लिए कॉपीराइट धारक से लिखित अनुमति प्राप्त न कर ली जाए, तब तक कम्पनी के उत्पादों या संवर्धनात्मक सामग्रियों को तैयार करते समय किसी कॉपीराइट सामग्री की प्रति बनाना, पुनर्उत्पादन करना, स्कैन करना, डिजिटाइज़ करना, प्रसारण करना, या उसमे संशोधन करना अवैध हो सकता है और यह कम्पनी की नीति के विरूद्ध है। अनुचित प्रयोग से कम्पनी और आपको, दोनो को ही कॉपीराइट अतिलंघन के लिए सिविल या दाण्डिक कार्यवाहियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके द्वारा व्यक्तिगत प्रयोग या दूसरों द्वारा प्रयोग के लिए तीसरा पक्ष कॉपीराइट सामग्रियों की अप्राधिकृत प्रतियां तैयार करने या वितरण करने के लिए कम्पनी की सुविधाओं का आपके द्वारा प्रयोग किया जाना भी कम्पनी की नीति के खिलाफ है।

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

क्रिस द्वारा संभावित प्रायोजक के लिए एक प्रस्तुतीकरण को तैयार किया जा रहा है। यह फर्म के लिए नया ग्राहक होगा तथा यह एक कूटनीतिक विजय होगी, इसलिए क्रिस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि उसके प्रस्तुतीकरण की ओर ग्राहक का ध्यान आकर्षित होना चाहिए। वह किसी बात को समझाने के लिए इंटरनेट पर पाई गई कुछ जानकारी तथा ग्राफिक्स का इस्तेमाल करना चाहता है। क्योंकि इस जानकारी को किसी द्वारा भी खोजा और उस तक पहुंचा जा सकता है, तथा वह सार्वजनिक रूप से भी उपलब्ध है और वह इसे अपनी स्वेच्छा से इस्तेमाल कर सकता है। क्या क्रिस सही है?

उत्तर -

नहीं। किसी चीज तक आम जनता द्वारा पहुंचने का अर्थ यह नहीं है कि यह बिना किसी प्रतिबंध के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध है। उदाहरण के लिए, कम्पनी के लोगो को आसानी से खोजा जा सकता है और किसी के भी द्वारा इसकी आसानी से प्रति तैयार की जा सकती है, लेकिन कम्पनी के अपने नियम हैं कि इसे कैसे और कब इस्तेमाल किया जा सकता है और किसके द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है। यदि आप वेबसाइट पर खोजी गई किसी चीज का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो अकसर वेबपेज़ के नीचे "विधि" या "शर्तें" टैब दी गई होती है। आमतौर पर, इनमें से किसी खण्ड की भाषा में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा कि वेबसाइट की विषय वस्तु का स्वामित्व किसका है और क्या इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, तथा किसके द्वारा तथा किन परिस्थितियों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। यदि आपको सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया विधि विभाग से संपर्क करें।

हमारे ग्राहकों तथा कारोबारी साझेदारों के लिए सम्मान और सत्यनिष्ठा

कारोबार के लिए सशक्तता के साथ, ईमानदारी, नैतिक रूप से, तथा न्यायसंगत रूप से प्रतिस्पर्धा करें।

हमारे ग्राहकों तथा कारोबारी साझेदारों के लिए सम्मान और सत्यनिष्ठा

विश्वास रोधी तथा उचित प्रतिस्पर्धा

कम्पनी की ओर से यह अपेक्षित है कि पूरे विश्व में कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा अमरीकी विश्वास रोधी कानूनों, यूरोपीय संघ में प्रतिस्पर्धा कानून और साथ ही जहां पर वे कारोबार करते हैं, उन देशों के विभिन्न लागू कानूनों का उनके द्वारा पालन किया जाता है। विश्वास रोधी तथा प्रतिस्पर्धा कानून जटिल होते हैं तथा आमतौर पर यह अलग-अलग देशों में भिन्न भिन्न होते हैं। इन कानूनों का आशय न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना होता है, और आमतौर पर इनमें ऐसे समझौतों, विशेष रूप से प्रतिस्पर्धियों के साथ ऐसे समझौतों को प्रतिबंधित किया जाता है जो कि अनावश्यक रूप से प्रतिस्पर्धा को सीमित करते हैं, और इनमें एकाधिकार शक्ति पैदा करने या बनाए रखने के लिए अनुचित कार्रवाईयों, और किसी बाजार में प्रभुत्वशाली स्थिति के दुरूपयोग के दुरूपयोग को भी प्रतिबंधित किया गया है। इन कानूनों के अंतर्गत कतिपय अभ्यासों से अवश्य बचा जाना चाहिए, जिनमें निम्नलिखित भी शामिल हैं -

- प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्यों, लागतों, उत्पाद आपूर्ति, विपणन, प्रदेशों, या अन्य संवेदनशील विपणन जानकारी पर चर्चा करना;
- प्रतिस्पर्धियों के साथ औपचारिक या अनौपचारिक समझौते या व्यवस्थाएं करना जिनके परिणामस्वरूप कीमतों, ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं को तय किया जा सकेगा, बिक्री की मात्राओं में समायोजन किया जा सकेगा या बिक्री के प्रदेशों का विभाजन संभव हो सकेगा;
- ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ खास व्यवस्थाएं, जैसे कम्पनी द्वारा किसी प्रतिस्पर्धी दवा के बारे में सेवाएं प्रदान नहीं की जाएंगी या यह आवश्यक बनाना कि किसी विक्रेता द्वारा केवल कम्पनी को ही सेवाएं प्रदान की जाएंगी;
- बेहतर सौदा प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति या कारोबार के साथ कारोबार करने के लिए इंकार करना (या दूसरों को ऐसा करने के लिए कहना);

अन्य प्रतिबंधित आचरण जिससे कम्पनी के प्रतिस्पर्धियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, जिसमें अनुचित प्रतिस्पर्धा शामिल है, में कुछ देशों में कीमत संबंधी भेदभाव; झूठे वक्तव्य; रिश्वत; व्यापार संबंधी गोपनीय तथ्यों का दुरूपयोग; अनुबंध हस्तक्षेप; तथा आपूर्ति संसाधनों को छिपाना शामिल हैं।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- विश्वास रोधी तथा उचित प्रतिस्पर्धा नीति, LEG-POL-005

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

रोबिन द्वारा हाल ही में एक उद्योग कांफ्रेंस में भाग लिया गया था। वहां पर वह अपने मित्र फ्रेंक से मिलती है, जो प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। दोपहर के भोजन के दौरान, फ्रेंक ने यह सुझाव दिया कि क्या वह तथा रोबिन कुछ खास सेवाओं, जिन्हें उनकी संबंधित कम्पनियों द्वारा प्रदान किया जाता है, के संबंध में सहयोग किया जा सकता है, जिससे संभावित रूप से दोनो कम्पनियां, प्रायोजकों की तुलना में प्रायोजकों के लिए अधिक आकर्षक बन जाएंगी क्योंकि वे दोनो कम्पनियां अपनी अपनी सेवाओं की प्रदायगी और शुल्क के संदर्भ में एक जैसा व्यवहार करेंगी। रोबिन को किस प्रकार की प्रतिक्रिया करनी चाहिए?

उत्तर -

रोबिन को फ्रेंक को यह बताना चाहिए कि यह उचित कारोबारी चर्चा नहीं है तथा वह उसे जारी नहीं रख सकती है। इसके बाद, उसे शीर्घ ही विधि विभाग को बातचीत की जानकारी देनी चाहिए।

प्रतिस्पर्धा आसूचना

हमारी बाजार में स्थिति की संरक्षा के लिए बाजार आसूचना को एकत्र करना अनिवार्य है तथा कानूनी कारोबारी गतिविधि है, बशर्ते कि इसे कानूनी या नैतिक रूप से प्राप्त किया जाता है। प्रतिस्पर्धा आसूचना को केवल कम्पनी के प्रतिस्पर्धियों के अलावा अन्य संसाधनों से एकत्र किया जा सकता है, जैसे कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी या उद्योग विशेषज्ञों या अन्य तीसरा पक्षों से गैर गोपनीय जानकारी। यदि किसी सहकर्मी, ग्राहक या कारोबारी साझेदार के पास प्रतिस्पर्धा जानकारी है जिसे उसके लिए गोपनीय रखना अपेक्षित है, तो आपको उसे इस जानकारी को प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। कम्पनी के नए कर्मचारी के साथ उसके पूर्व नियोक्ताओं के बारे में बात करने के दौरान इस प्रतिबंध का ध्यान रखना महत्वपूर्ण होता है। कम्पनी के कारोबार के संचालन के दौरान, यदि आपको दूसरी कम्पनी की गोपनीय जानकारी का पता लग जाता है, जिसे भूलवश प्रकट किया गया था, तो इस प्रकार की जानकारी का प्रयोग अथवा उस पर काम करने से पहले विधि विभाग से मार्ग दर्शन प्राप्त करें। हम ऐसी किसी भी जानकारी से लाभ प्राप्त करने की धारणा नहीं रखते हैं, जिसे नैतिक रूप से प्राप्त नहीं किया गया है।

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

मार्कस को अपने दोस्त, लैरी से एक ईमेल प्राप्त होती है, जो प्रतिस्पर्धी कम्पनी के लिए काम करता है। लैरी की ईमेल में इस संदर्भ में गोपनीय जानकारी होती है कि प्रतिस्पर्धी द्वारा प्रायोजकों से और अधिक चरण III अध्ययनो को प्राप्त करने के लिए क्या किया जा रहा है, जो कि कम्पनी के लिए उपयोगी जानकारी हो सकती है। मार्कस को यह पता है कि लैरी का आशय इस जानकारी को उसे भेजना नहीं था और यह कि इसे गलती से भेजा गया है। तथापि, मार्कस यह तर्क देता है कि उसने इस जानकारी को प्राप्त करने के लिए कुछ भी अनैतिक कार्य नहीं किया है, इसलिए वह यह मानता है कि वह इसका इस्तेमाल कर सकता है। क्या मार्कस की सोच सही है?

उत्तर -

नहीं। यह स्पष्ट है कि इस जानकारी को गलती से बताया गया है तथा मार्कस द्वारा इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मार्कस द्वारा दिशा निर्देश प्राप्त करने के लिए विधि विभाग से संपर्क करना चाहिए कि इस जानकारी को किस प्रकार से नष्ट किया जाए और लैरी को सूचित किया जाए।

स्वास्थ्य देखभाल कानून और विनियम

हमारी कई सेवाएं औषधीय उत्पादों के विकास और विपणन को शासित (नियंत्रित) करने वाले अनेक कानूनों और विनियमों के अधीन आती हैं। आपको इन कानूनों और विनियमों की जानकारी होनी चाहिए। उदाहरण के लिए, वे लोग जो नैदानिक परीक्षण आपूर्तियों के रख रखाव या वितरण के कार्य में संलग्न हैं, उन्हें नियंत्रित तत्वों से संबंधित विनियमों का अवश्य अनुपालन करना चाहिए। हमारे ग्राहकों के लिए विपणित उत्पादों से संबंधित हमारी सेवाओं से जुड़े लोगों को स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को भुगतानों, दवा के नमूनों के रख रखाव तथा औषधीय उत्पादों के संवर्धन से संबंधित लागू कानूनों और विनियमों का अवश्य अनुपालन करना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून

एक वैश्विक कम्पनी के रूप में जिसके कार्यालय पूरी दुनिया में स्थित हैं, हमें लागू अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों का अवश्य पालन करना चाहिए। इन कानूनों में निम्नलिखित शामिल हैं -

- अमरीकी और अन्य लागू व्यापार प्रतिबंध कानून – प्रतिषेधों के परिणाम स्वरूप कतिपय देशों के साथ कारोबार करने की हमारी योग्यता प्रभावित होती है जबकि अन्य व्यापार प्रतिबंधों के परिणाम स्वरूप कतिपय लोगों या इकाईयों के साथ के लेन-देन प्रभावित होते हैं।

- निर्यात नियंत्रण प्रतिबंध- अमरीका तैयार उत्पादों, सेवाओं या तकनीक के निर्यात, पुन-निर्यात तथा अमरीका के बाहर उपयोग को प्रतिबन्धित करते हैं और फिर किसी देश की सीमा से बाहर भेजे जाते हैं।

- बहिष्कार रोधी विनियम- वे विनियम जो INC को बहिष्करण में भागीदारी से रोकते हैं जैसे एक देश द्वारा किसी एक या अधिक देशों के साथ कारोबार करने से इंकार किया जाता है (किसी भी कारण से) या दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रतिबंधित किया जाता है।

यदि आपके पास किसी इकाई या व्यक्ति जिसके साथ कम्पनी द्वारा कारोबार किया जाता है अथवा प्रतिबंधों के अधीन किसी देश के साथ कारोबार किया जाता है, के संबंध में प्रश्न या चिंताएं हैं तो आपको विधि विभाग से संपर्क करना चाहिए।

कृपया निम्नलिखित को देखें -

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून नीति, LEG-POL-011

तृतीय पक्षकार की सूचना का संरक्षण

आप कम्पनी के ग्राहकों, कारोबारी साझेदारों और आपूर्तिकर्ताओं से गोपनीय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस जानकारी की सुरक्षा करना और कम्पनी की संविदात्मक प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना आपका कर्तव्य है। आपको तृतीय पक्षकार के बौद्धिक सम्पदा जैसे आविष्कारों और सॉफ्टवेयर आदि की भी संरक्षा करनी चाहिए। तृतीय पक्षकार की गोपनीय जानकारी को किसी ऐसे सहकर्मी के साथ साझा नहीं करना चाहिए जिसे इसके जानने की आवश्यकता नहीं है। ये बाध्यताएं आपके नियोजन की समाप्ति पर भी जारी रहती हैं।

इस बात के लिए सजग रहें कि यदि कम्पनी द्वारापक्ष ए साथ गैर-प्रकटन या गोपनीयता समझौता किया हुआ है तथा पक्ष-बी के साथ एक अलग गैर प्रकटन या गोपनीयता समझौता किया हुआ है, तो आवश्यक रूप से इसका अर्थ यह नहीं है कि हम पक्ष ए की गोपनीय जानकारी को पक्ष बी के साथ साझा कर सकते हैं।

नमूना परिदृश्य

प्रश्न -

डेव द्वारा कारोबार के विकास के उद्देश्यों से अकसर यात्राएं की जाती हैं। वह काफी अधिक समय हवाई अड्डों पर बिताता है तथा अकसर उसे आंतरित कथा ग्राहक कान्फ्रेंस कॉल्स में वहां होने के दौरान भागीदारी करनी पड़ती है। क्या डेव को सावधानी बरतने की आवश्यकता है?

उत्तर -

हां। डेव को हवाई अड्डे, ट्रेन स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानो पर अपने कम्प्यूटर के इस्तेमाल तथा कारोबारी चर्चाओं के प्रति खास तौर पर सजग रहना चाहिए। किसी द्वारा भी हमारी कम्पनी या हमारे ग्राहकों से संबंधित गोपनीय जानकारी को सुन सकता है। साथ ही, दूसरे डेव के कम्प्यूटर तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को देख सकते हैं। इस स्थिति में, यदि डेव द्वारा कांफ्रेंस कॉल में भागीदारी का निर्णय किया जाता है, तो उसे अन्य भागीदारों को शुरूआत में ही यह बता देना चाहिए कि वह सार्वजनिक स्थल पर है तथा उसकी सार्वजनिक लोकेशन के कारण वह कुछ खास प्रकार की जानकारी को साझा नहीं कर पाएगा। इन कदमों को उठाना और अन्य लोगों को सूचित करने से, जानकारी की संरक्षा संभव होगी तथा हमारे ग्राहक यह जान सकते हैं कि हम दोनो सजग हैं और हम पर विश्वास किया जा सकता है।

इस संहिता तथा संशोधनों का अधित्याग

इस संहिता तथा संशोधनों का अधित्याग

विधि विभाग द्वारा कर्मचारियों और गैर कार्यकारी अधिकारियों को इस संहिता से छूट प्रदान की जा सकती है। बोर्ड के किसी सदस्य के लिए केवल संचालक मंडल द्वारा इस संहिता से छूट प्रदान की जा सकती है, और केवल मंडल या विधिवत रूप से अधिकृत समिति द्वारा ही इस संहिता से कार्यकारी अधिकारी तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों को कम्पनी की आचार संहिता से छूट दी जा सकती है। इस उद्देश्य से, "छूट" का अर्थ इस संहिता के किसी उपबन्ध की मूलभूत रूप से अवहेलना करने का विधि विभाग या मंडल या विधिवत रूप से अधिकृत समिति का अनुमोदन से है। छूट के लिए अनुरोध को अवश्य ही लिखित रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा इसमें पर्याप्त ब्यौरा शामिल किया जाना चाहिए ताकि एक सूचित निर्णय किया जा सके। मंडल के किसी सदस्य या कार्यकारी अधिकारी को प्रदान की गई छूट को मंडल की बैठक के कार्यवृत्त में या उसकी विधिवत रूप से गठित समिति के कार्यवृत्त में रिकार्ड किया जाना चाहिए तथा छूट का अनुरोध करने वाले व्यक्ति द्वारा छूट का एक अलग लिखित प्राधिकार अवश्य ही तैयार तथा निष्पादित किया जाना चाहिए।

निदेशक मंडल या विधिवत रूप से उसकी प्राधिकृत समिति द्वारा छूट की शर्तों के अनुपालन का निर्धारण करने के लिए तथा छूट को जारी रखने से संबंधित सलाह देने के लिए बोर्ड के सदस्यों और कार्यकारी अधिकारियों को प्रदान की गई समस्त छूटों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

निदेशक या किसी कार्यकारी अधिकारी को प्रदत किसी छूट को प्रदान किए जाने पर और कानून या विनियम द्वारा अपेक्षित रूप से सार्वजनिक रूप से प्रकट किया जाना चाहिए।

केवल निदेशक मंडल या उचित प्राधिकृत समिति द्वारा ही इस आचार-संहिता में संशोधन किए जा सकते हैं। यदि कानून द्वारा अपेक्षित हो तो किसी भी संशोधन को सार्वजनिक रूप से प्रकट किया जाना चाहिए।